समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | **Monday, 14 September 2026**

# दुबई-मुंबई इंडिगो फ्लाइट की राजकोट मे इंमरजेसी लैडिंग, कार्गो होल्ड मे धुंआं मिलने से मचा हड़कंप

Sanket Morankar

Published on 27 Jul 2026




दुबई से मुंबई आ रही इंडिगो की फ्लाइट **6E 1452** ने सोमवार को गुजरात के **राजकोट एयरपोर्ट** पर आपातकालीन (इमरजेंसी) लैंडिंग की। विमान के कार्गो होल्ड में धुआं दिखाई देने के बाद पायलट ने तुरंत एयर ट्रैफिक कंट्रोल से संपर्क किया, जिसके बाद एयरपोर्ट पर फुल इमरजेंसी घोषित कर दी गई।

फ्लाइट में कुल **194 यात्री** सवार थे। राहत की बात यह रही कि विमान सुरक्षित रूप से राजकोट एयरपोर्ट पर उतरा और सभी यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। किसी के घायल होने की सूचना नहीं है।

राजकोट एयरपोर्ट के निदेशक **दिगंत बोरा** ने बताया कि कार्गो होल्ड क्षेत्र में धुआं मिलने के बाद सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए विमान की इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई। उन्होंने कहा कि विमान सुरक्षित उतर गया और सभी यात्री पूरी तरह सुरक्षित हैं।

घटना के बाद विमान की तकनीकी जांच शुरू कर दी गई है। फिलहाल यह पता लगाया जा रहा है कि कार्गो होल्ड में धुआं किस कारण से उत्पन्न हुआ।

इंडिगो देश की सबसे बड़ी एयरलाइनों में से एक है, जो भारत के 80 से अधिक घरेलू और 30 से ज्यादा अंतरराष्ट्रीय गंतव्यों के लिए उड़ानें संचालित करती है। एयरलाइन अपने बेड़े में मुख्य रूप से **Airbus A320**, **A321** और **ATR 72-600** विमानों का संचालन करती है।

फिलहाल एयरलाइन और संबंधित विमानन अधिकारी घटना की विस्तृत जांच में जुटे हुए हैं।

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Sanket Morankar, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.